# Mahendra's Daily Current Affairs: 30.10.2021

**1-Superstar Rajinikanth recieves the prestigious Dadasaheb Phalke Award at 67th National Film Awards for his stupendous contribution to the world of Indian Cinema.**

सुपरस्टार रजनीकांत को भारतीय सिनेमा की दुनिया में उनके शानदार योगदान के लिए **67**वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**2-Prime Minister NarendraModi launched the biggest health infrastructure scheme -- Pradhan Mantri Atmanirbhar Swasth Bharat Yojana (PMASBY) worth Rs 64,180 crore from his parliamentary constituency, Varanasi.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से **64,180** करोड़ रुपये की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा योजना-प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना (पीएमएएसबीवाई) का शुभारंभ किया।

**3-Prime Minister Narendra Modi inaugurated 9 Medical Colleges in Siddharth Nagar, UP. These nine medical colleges are in the districts of Siddharthnagar, Etah, Hardoi, Pratapgarh, Fatehpur, Deoria, Ghazipur, Mirzapur and Jaunpur.**

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी के सिद्धार्थ नगर में **9** मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन किया। ये नौ मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर, एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फतेहपुर, देवरिया, गाजीपुर, मिर्जापुर और जौनपुर जिलों में हैं।

**4-Prime Minister Narendra Modi inaugurated various development projects worth around Rs 5200 crore for Varanasi.**

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी के लिए लगभग **5200** करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

**5-The Union Minister of Home Affairs and Minister of Cooperation, Amit Shah inaugurated the new campus of Indian Institute of Technology (IIT) Jammu built at cost of Rs. 210 crore.**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने **210** करोड़ रूपए की लागत से बने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (**IIT**) जम्मू के नए कैंपस का उद्घाटन भी किया।

**6-PS Vinothraj's directorial 'Koozhangal' (Pebbles) has been selected as India's official entry to the 94th Academy Awards.**

फिल्म निर्माता विनोथराज पीएस के निर्देशन में बनी तमिल फिल्म **'**कूझंगल**' (**कंकड़) को **94**वें एकेडमी अवॉर्ड के लिए भारत की ओर से आधिकारिक इंट्री के रूप में चुना गया है।

**7-India's first indigenous aircraft carrier (IAC) Vikrant set sail for the second sea trials, ahead of its planned induction into the Indian Navy by August next year.**

भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत (आईएसी) विक्रांत के दूसरे चरण का समुद्री परीक्षण शुरू हुआ**,** योजना के तहत अगले साल अगस्त में इसे नौसेना में शामिल किया जाना है।

**8-Bangladesh's premier all-rounder Shakib Al Hasan became the leading wicket-taker in the history of T20 World Cups, surpassing former Pakistan skipper Shahid Afridi.**

बांग्लादेश के स्टार आलराउंडर शाकिब अल हसन पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर टी**20** विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये।

**9-Khalid Jamil has become the first full-time Indian head coach in the history of the Indian Super League with NorthEast United FC offering him the top job ahead of the upcoming season.**

खालिद जामिल को आगामी सत्र से पहले नार्थईस्ट यूनाईटेड एफसी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है**,** इस तरह से वह इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के इतिहास में किसी क्लब के पूर्णकालिक मुख्य कोच बनने वाले पहले भारतीय बन गये हैं।

**10-The Metro Railway, Kolkata, formally bade farewell to non-AC rakes, some of which have been in service since its inception as the country's first underground railway in 1984.**

कोलकाता मेट्रो रेलवे ने रविवार को गैर-वातानुकूलित डिब्बों को औपचारिक रूप से विदाई दे दी**,** इन डिब्बों में से कुछ डिब्बे **1984** में देश की पहली भूमिगत रेलवे की स्थापना के समय से ही सेवा में थे।